बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-542
03/12/2022

# मुख्यमंत्री ने देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर उन्हें नमन किया

पटना, 03 दिसम्बर 2022 :– भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद की 138वीं जयंती के अवसर पर राजेन्द्र चौक स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल श्री फागू चौहान एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। माल्यार्पण के पश्चात् राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने स्वदेशी कंबल आश्रम की चरखा कात रही महिलाओं के बीच साड़ी वितरण कर उन्हें प्रोत्साहित भी किया।

राजेन्द्र चौक से राज्यपाल श्री फागू चौहान एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार राजेन्द्र घाट समाधि स्थल पहुॅचकर देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद की समाधि पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने यहां विजिटर बुक पर लिखकर देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की तरफ से राज्यपाल के परिसहाय मेजर धीरज विष्ट, उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ की तरफ से पटना के जिलधिकारी डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मानवजीत सिंह ढिल्लो ने देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद की समाधि पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा सहित अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद को नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों ने आरती पूजन, बिहार गीत एवं देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया।

******